PRESIDENCY UNIVERSITY
Admission Test 2012
B.A. Hindi Hons.
Model Question Paper

१. निम्नलिखित विषय पर निबन्ध लिखिए -

लोकतांत्रिक समाज में साहित्य और मीडिया की भूमिका (30)

२. असहमति को अवसर दो
सहिष्णुता को आचरण दो
कि बुद्धि सिर ऊँचा रख सके
उसे हताश मत करो काइयाँ तर्कों से हरा-हरा कर।
अविनय को स्थापित मत करो
उपेक्षा से खिन्न न हो जाए कहीं
मनुष्य की साहसिकता।
अमूल्य थाती है यह सबकी,
इसे स्वर्ग की लालच में छीन लेने का
किसी को अधिकार नहीं।

(i) उपर्युक्त काव्यांश का सारांश लिखिए। (10)
(ii) कवि किसके सामने चुनौतियां रखता है और क्यों ? (10)
(iii) रेखांकित पंक्तियों की प्रासंगिकता स्पष्ट कीजिए ? (10)

३. निम्नलिखित अनुच्छेद में निहित वर्तनीगत अशुद्धियों को शुद्ध कीजिए -

मूक्तिबोध के अनुसार कविता एक गहरी सांस्कृतिक कर्म हैं। वह अपनी सृजनसील भाषा के जरिऐ ऐसी वैचारीक बिम्बों की रचना करती है जो उसके पाठको की चेतना पर गहरा प्रभाव डालते हुए अपनी अमीट छाप अकिंत करते हुए चलते है। काव्य बिम्ब चाहें जितने ताजा और अपूर्व हों, उनकी साथ्रकता और मूल्यवता तो तभी है, जब वे अपने पाठकों के समुहों के मानसीक जगत में एतिहासिक स्फूर्ती और परिवर्तनकारि उथल-पुथल पैदा करे।

(20x1=20)

४. ' भीतर एक डब्बे में खचाखच भरा
एक टुकड़ा भारतीय समाज
मानों कहानियों, फिल्मों, कॉमिक्स, अखबार आदि से
लेकर बनाए गए चरित्रों का कोलाज।'

उपर्युक्त पंक्तियों को आधार बना कर कोई संस्मरण लिखिए ।

(20)